**No. 1-33/LG Help Desk/CPGRAMS Portal/CC/2017/51**

अंडमान तथा निकोबार प्रशासन

**ANDAMAN AND NICOBAR ADMINISTRATION**

सचिवालय/**SECRETARIAT**

******

Sri Vijaya Puram, dated the 03rd February, 2026.

To,

The Assistant Manager (IT),
EDP Cell,
Secretariat.

**Sub: -Award of Lt. Governor's Commendation Certificate on the occasion of Republic Day, 2026-reg.**

Sir,

I am to inform that the following Candidates /Team members has been awarded with the Hon'ble Lt Governor's Commendation Certificates on the occasion of Republic Day, 2026 along with the medals by Hon'ble Lt. Governor, A & N Islands.

In this connection, it is requested to upload the list of awardees and their achievements (Hindi Citation) in Administrative Portal of A&N Administration. The names of the awardees:

| Sl. No. | Name & Designation |
|---|---|
| **01** | Barren Island Cruise Team,<br>Directorate of Shipping Services, Sri Vijaya Puram. |
| **02** | Shri Abdul Lathief,<br>Sub-Inspector (Master), Police Marine Force (A&N Police). |
| **03** | Dr. Palak Mahajan,<br>Consultant Climate Change and Quality Assurance, State Health Society, NHM, Sri Vijaya Puram. |
| **04** | Smti Mela Pelango,<br>ANM, Subcentre, Daring, Nancowry. |
| **05** | Smti Elsie Sailas,<br>Anganwadi Worker, Child Development Project Office, ICDS, Teressa Island. |
| **06** | INS Jarawa, Naval Band,<br>Musician Sailors of INS Jarawa Naval Band, Sri Vijaya Puram.<br>Unit: INS Jarawa. |
| **07** | IC-57665P Brigadier Rajesh Sharma,<br>Shaurya Chakra, Commander 108 Mountain Brigade, Indian Army (PARA)/HQ 108 Mountain Bridge. |
| **08** | **TEAM: NICOBARI HODI MAKERS** |
| a | Shri Alexander,<br>Handicraft Maker, Ramjaw, Munak, Nancowry. |
| b | Shri Nixon Gabriel,<br>Handicraft Maker, Marubasti, Daring, Nancowry. |
| **09** | **TEAM: Cultivation Karen Rice Verities** |
| | |

| | |
|---|---|
| a | Shri Saw Teela,<br>Farmer, Karmatang-10, Mayabunder |
| b | Shri Saw Ashu Aungthong,<br>Farmer, Karmatang-9, Mayabunder |
| c | Shri Saw Kapawtoo,<br>Farmer, Webi, Mayabunder |
| **10** | Shri Uday Bhaskar<br>Astro Communicator, Star Gazer and Stro Tourism Consultant, Sri Vijaya Puram. |
| **11** | Shri Totoko (alias Vicky), Chief of the Onge community, Dugong Creek, Little Andaman. |
| **12** | **TEAM CYCLIST (Girls)** |
| a | Ms Britney,<br>Cyclist, Event -Individual Time Traial (U-19) Girls. |
| b | Ms I S Bridney,<br>Cyclist, Event - Individual Time Trial (U-17) Girls & Team Sprint U-17 Girls. |
| c | Ms Namita Voilet,<br>Cyclist, Event- Individual Time Trial (U-19) Girls & Team Sprint U-17 Girls. |
| d | Ms Anne Minj,<br>Cyclist, Event – Team Sprint U-17 Girls |
| e | Ms Rosy Voilet,<br>Cyclist, Event– Team Sprint U-17 Girls |
| **13** | **TEAM CYCLIST (Boys)** |
| a | Shri Lionald Backer,<br>Cyclist, Event - Individual Time Trial U-17 Boys & Team Sprint U-17 Boys. |
| b | Shri Saw Zecheriah,<br>Cyclist, Event – Team Sprint U-17 Boys. |
| c | Shri Messi Kartson,<br>Cyclist, Event –Team Sprint U-17 Boys. |
| d | Shri Kingdom Bright,<br>Cyclist, Event – Team Sprint U-17 Boys |
| **14** | Miss Tanyasha,<br>Weightlifter, Vikas Nagar, Nancowry Island, Nicobar District. |
| **15** | Shri Michael,<br>Fisherman, Social Worker, Raiheaon Village, Chowra Island. |
| **16** | Shri S Mathik Kumar,<br>Junior Engineer (Civil), SVPSD, APWD, Sri Vijaya Puram. |
| **17** | Shri Abdul Shahid,<br>Household Comptroller, Lok Niwas, Sri Vijaya Puram. |

Yours faithfully,

Digitally signed by
M. V. Rameshan
Date: 03-02-2026
09:22:16

**Enclo:** Hindi Citation

(M V Rameshan)
**Deputy Secretary (CC)**

## बैरन द्वीप क्रूज दल,
## नौवहन सेवा निदेशालय, श्री विजयपुरम

नौवहन सेवा निदेशालय के बैरन द्वीप क्रूज़ दल ने द्वीपवासियों और पर्यटकों को प्रकृति के सबसे विस्मयकारी दृश्यों में से एक भारतीय उप-महाद्वीप की एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी को निकट से देखने और भूगर्भीय घटनाओं को समझने एवं इसके बारे में सोच-विचार करने का दूर्लभ अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आपके प्रयासों से ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त बड़े जलयान में लम्बी यात्रा करने का सुखद अनुभव के साथ-साथ द्वीपीय पारिस्थिति की तंत्र एवं प्राकृतिक स्थलाकृतियों का मनोरम दृश्यों को निहारने तथा अपने कैमरों में संजोने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ।

बैरन द्वीप क्रूज़ दल द्वारा अब तक बैरन द्वीप की सात यात्राएँ की गई, जिससे स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों सहित विद्यार्थियों को इस अनोखे शिक्षाप्रद अनुभव से काफी लाभ प्राप्त हुआ है।

उत्कृष्ट व्यावसायिक कार्यकुशलता तथा समर्पण की भावना को अंगीकार करते हुए श्री विजयपुरम के नौवहन सेवा निदेशालय के बैरन द्वीप क्रूज़ दल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

## अब्दुल लतीफ, उप-निरीक्षक (मास्टर), पुलिस मरीन बल अण्डमान तथा निकोबार पुलिस

श्री अब्दुल लतीफ वर्तमान में पुलिस मरीन बल में उप-निरीक्षक (मास्टर) के पद पर कार्यरत हैं। आपने जलयानों के संचालन की कई तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त कर पुलिस मरीन बल के संचालनों में महत्वपूर्ण येगदान दिया है।

आपने 15 फरवरी, 2025 को समुद्र में गश्ती के समय देखा कि एक मत्स्यहरण डिंगी लॉन्ग आईलैण्ड से 02 समुद्री मील की दूरी पर अशांत समुद्र में सकंटग्रस्त अवस्था में है। आप तुरंत ही गश्ति जलयान को उस डिंगी के करीब ले गए और समुद्र के बीच फंसे उस डिंगी से दस मछुआरों को सुरक्षित अपने जलयान में चढ़ाकर सर्वप्रथम उन्हें प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की तथा उस डिंगी को खींच कर रंगत-बे जट्टी तक पहुँचाया। आपने उस डिंगी के इंजिन की मरम्मत करने में भी सहायता प्रदान कर मछुआरों को सुरक्षित वापस जाने की व्यवस्था की।

इसके अलाव 18 अगस्त, 2025 को आपको यह सूचना मिली कि एक मत्स्यहरण जलयान में खराबी, कम दृश्यता और समुद्र के अशांत होने के कारण संकटग्रस्त अवस्था में है। आपने अपनी व्यावसायिक कुशलता का परिचय देते हुए तुरन्त ही अपने गश्ती दल के साथ जलयान को लेकर समुद्र में उस संकटग्रस्त जलयान की खोज एवं बचाव अभियान आरम्भ किया और एक व्यापक एवं चुनौतीपूर्ण खोज के बाद उस संकटग्रस्त मत्स्यहरण जलयान को खोज निकाला। आपने उस जलयान में सवार लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान की और अपनी उत्कृष्ट सूझबूझ और तकनीकी कुशलता का प्रदर्शन करते हुए उस संकटग्रस्त जलयान को उसके चालक दलों के साथ रंगत-बे जेट्टी तक पहुँचाया।

उत्कृष्ट व्यावसायिक कार्यकुशलता, कर्त्तव्यनिष्ठा एवं कुशल नेतृत्व क्षमता को अंगीकार करते हुए अण्डमान तथा निकोबार पुलिस के पुलिस मरीन बल के उप-निरीक्षक (मास्टर) श्री अब्दुल लतीफ को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

## डॉ.पलक महाजन,परामर्शदाता
## जलवायु परिवर्तन एवं गुणवत्ता आश्वासन
## राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी, एन.एच.एम., श्री विजयपुरम

डॉ. पलक महाजनएन.एच.एम., राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी में जलवायु परिवर्तन एवं गुणवत्ता आश्वासन संबंधी परामर्शदाता के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। आपने सम्पूर्ण द्वीपसमूह की स्वास्थ्य प्रणाली में संस्थागत गुणवत्ता एवं रोगी केंद्रित देखभाल में परिवर्तनकारी नेतृत्व प्रदान किया है।

आपके अनवरत प्रयासों से इन द्वीपों के 20 स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों को NQAS राष्ट्रीय प्रमाणन, 122 स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों को कायाकल्प प्रमाणन एवं 75 स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों को NQAS राज्य प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इसके अलावा आपने छफैए कायाकल्प और IPHS मूल्यांकन के लक्ष्यों को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आपने 156 स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में रोगियों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए द्विभाषी डिजिटल रोगी फीडबैक प्रक्रिया आरम्भ करने, व्यापक स्तर पर निरीक्षण, दलों की निगरानी, 95 आंतरिक परीक्षकों के प्रशिक्षण, 50 से अधिक महत्वपूर्ण नीति/मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने, रोगी सहायता समूह गठन करने तथा स्वास्थ्य देखभाल तंत्र में स्वच्छता, सुरक्षा और पारदर्शिता लाने में अहम भूमिका निभाई है।

विशिष्ट कार्यशैली, व्यावसायिक कार्यकुशलता एवं नेतृत्व क्षमता को अंगीकार करते हुए एन.एच.एम., राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी के जलवायु परिवर्तन एवं गुणवत्ता आश्वासन परामर्शदाता, डॉ. पलक महाजन को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

## श्रीमती मेला पेलान्गो, ए.एन.एम.
## उप-स्वास्थ्य केन्द्र, डेरिंग, ननकौड़ी

श्रीमती मेला पेलान्गो ननकौड़ी द्वीप के डेरिंग गाँव के उप-स्वास्थ्य केन्द्र में ए.एन.एम. के पद पर कार्यरत हैं। आपने निकोबारी समुदाय के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए कर्तव्यनिष्ठा और निःस्वार्थ सेवा भाव से सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आपने गहन योजना के साथ निरंतर अनुवर्ती कार्रवाई करते हुए गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और उसकी व्याप्तता का पता लगाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। आपके अथक प्रयासों से ही गाँव के गैर-संचारी रोगों से संबंधित पूर्ण एवं अद्यतन दस्तावेज उपलब्ध हो पाया।

आपने रेफरल रोगियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने में भी निःस्वार्थ सेवा भावना से रोगियों की सहायता की है। आपके निरंतर प्रयासों से समुदाय के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं निःस्वार्थ सेवा की भावना को अंगीकार करते हुए ननकौड़ी, डेरिंग गाँव के उप-स्वास्थ्य केन्द्र की ए.एन.एम. श्रीमती मेला पेलान्गो को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

## श्रीमती एल्सी सायलस, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता
## बाल विकास परियोजना कार्यालय, आई.सी.डी.एस.
## तेरेसा द्वीप

श्रीमती एल्सी सायलस तेरेसा द्वीप के बाल विकास आई.सी.डी.एस. के परियोजना कार्यालय में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कर रहीं हैं। आप वर्ष 1988 से समाज कल्याण विभाग के तहत तेरेसा द्वीप में आई. सी.डी.एस. जनजाति परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहीं हैं।

आपने अपने आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों की उचित पोषाहार एवं प्रारम्भिक शिक्षा एवं स्वाथ्य देखभाल सुनिश्चित करते हुए बच्चों के लिए एक देखभालपूर्ण और सहायक वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं।

आप सरकारी स्कीमों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए स्थानीय लोगों के साथ घनिष्ठता से कार्य करते हुए सामुदायिक कल्याण गतिविधियों को संचालित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

उत्कृष्ट कार्यशैली, कर्मठता एवं निःस्वार्थ सेवा की भावना को अंगीकार करते हुए तेरेसा द्वीप के आई.सी.डी.एस. के बाल विकास परियोजना कार्यालय की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती एल्सी सायलस को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

# नौसेना बैण्ड, भा.नौ.पो. जरावा, श्री विजयपुरम

श्री विजयपुरम स्थित आई.एन.एस. जरावा में वर्ष 1985 में 15 संगीतकार नाविकों के साथ एक साधारण नौसेना बैण्ड की शुरूआत की गई थी। अब इस बैंड में कई ऐसे उच्च प्रशिक्षित एंव बहुप्रतिभावान संगीत कलाकार हैं जिन्होंने पूर्ण समर्पणता से भारतीय नौसेना के उच्च अनुशासन और कलात्मक मानकों को बनाए रखते हुए नौसेना बैण्ड को एक सर्वश्रेष्ठ एवं बहुआयामी म्यूजिकल ग्रुप के रूप में प्रतिष्ठित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आई.एन.एस.जरावा के इस नौसेना बैण्ड ने हमारे राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस परेड, बीटिंग रिट्रीट सहित अण्डमान निकोबार कमान की स्थापना दिवस तथा कई प्रतिष्ठित एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के के साथ-साथ मरीना पार्क, नेताजी स्टेडियम तथा विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

अपने जोशीले संगीत और वाद्य-वृंद रचनाओं के माध्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध कर काफी सराहना हासिल की है। इसके अलावा, इस बैण्ड ने विभिन्न स्कूली बैण्ड प्रयियोगिताओं में निर्णायक दल के रूप में उपस्थित होकर युवाओं में अनुशासन, संगीत और राष्ट्र सेवा की भावना जागृत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उत्कृष्ट संगीत प्रतिभा, समर्पण एवं राष्ट्र के प्रति सेवा की भावना को अंगीकार करते हुए श्री विजयपुरम स्थित आई.एन.एस. जरावा के नौसेना बैण्ड को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

## आई सी- 57665पी ब्रिगेडियर राजेश शर्मा, शौर्य चक्र, कमाण्डर 108 माउन्टेन ब्रिगेड, भारतीय थल सेना

शौर्य चक्र से सम्मानित ब्रिगेडियर राजेश शर्मा ने अतिसावधानीपूर्ण योजना बनाकर करीब 800 किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले इस द्वीपसमूह में व्यापक गश्ति अभियान का संचालन कर कमान अंचल की क्षेत्रीय अखण्डता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

आपने महत्वपूर्ण अभियानों, सुरक्षा एवं प्रशासनिक दायित्वों को प्रभावी रूप से निभाने में अपनी नेतृत्व क्षमता एवं दूरदर्शिता और आसाधारण व्यावसायिक कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

आपने थल सेना के भीतर जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और कार्य-जीवन-संतुलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रशासनिक परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपने सैनिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए ब्रिजगंज स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल का उन्नयन करने और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आपने आरोहण कार्यक्रम ''द्वीप से दिल्ली तक आउटरीच कार्यक्रम'' का कुशल नेतृत्व किया, जिससे न केवल स्थानीय द्वीपवासियों को भारत में उपलब्ध अवसरों के बारे में अपनी तरह का पहला अनुभव प्राप्त हुआ बल्कि इससे दूर-दराज के द्वीपों में राष्ट्रीय एकता के प्रति युवाओं की भागीदारिता भी सुनिश्चित हुई।

उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और असाधारण व्यावसायिक कार्य कुशलता को अंगीकार करते हुए भारतीय थल सेना के १०८ माउन्टेन ब्रिगेड कमाण्डर, शौर्य चक्र से सम्मानित ब्रिगेडियर राजेश शर्मा को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

## निकोबार होड़ी निर्माण दल

१. श्री एलेक्ज़ेन्डर, हस्तशिल्पकार, रमजव, मुनाक, ननकौड़ी।
२. श्री निक्सन गब्रिएल, हस्तशिल्पकार, मारूबस्ती, डेरिंग, ननकौड़ी।

हस्तशिल्पकारों का यह दल निकोबारी जनजाति समुदाय के सुप्रसिद्ध हस्तशिल्पकार हैं।

श्री एलेक्ज़ेन्डर और श्री निक्सन गब्रिएल निकोबारी समुदाय के कुछ चुनिन्दे कारिगरों में से हैं जिनके पास पीढ़ियों से चली आ रही देसी तकनीकों का उपयोग करके 2-सीटर, 3-सीटर, 4-सीटर और लम्बी कैनोई सहित विभिन्न प्रकार की होड़ी बनाने का अद्भुत दक्षता हासिल है। आपके द्वारा बनाए गए सांस्कृतिक महत्त्व के इस होड़ी को हाल ही में भारत सरकार द्वारा जी.आई. टैग प्रदान किया गया है।

उत्कृष्ट हस्तशिल्प कला-प्रतिभा और पारंपरिक निकोबारी हस्तशिल्प विरासत को लोकप्रिय बनाने में उल्लेखनीय योगदान को अंगीकार करते हुए ननकौड़ी द्वीप के निकोबार होड़ी निर्माण दल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

# मुसली चावल के कृषक दल

१. श्री सॉ टीला, कृषक, करमाटांग-10, मायाबन्दर
२. श्री सॉ आशु ऑन्गथोंग, कृषक, करमाटांग-9, मायाबन्दर
३. श्री सॉ कपाउटू, कृषक, वेबी, मायाबन्दर

करेन समुदाय के लोग अण्डमान द्वीपसमूह के मायाबन्दर के वेबी, कर्माटांग, लाताव, लकनव, बोरेंग एवं चिपो गाँवों में निवास करते हैं। इस कृषक दल ने मुसली नामक करेन किस्म के चावल को लोकप्रिय और देशभर में इसे प्रसिद्धि दिलाने में महतवपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुसली चावल सुगंधित स्वाद एवं उच्च पोषक गुणवत्ता युक्त एक ऐसी किस्म का चावल है जिसे आसानी से खारी मिट्टी में भी उगाया जा सकता है। आपके इन प्रयासों से करेन समुदाय के लिए खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण भी सुनिश्चित हुई है।

मुसली चावल को भारत सरकार द्वारा जी.आई. टैग भी प्रदान किया गया है, जो अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की पहली ऐसी किस्म का चावल है जिसे जी.आई. टैग प्राप्त हुआ है।

उत्कृष्ट परंपरागत कृषि शैली एवं मुसली चावल को प्रसिद्धि दिलाने में किए गए उल्लेखनीय योगदान को अंगीकार करते हुए मायाबन्दर के मुसली चावल कृषक दल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

## श्री उदय भास्कर, खगोल संप्रेषक, ज्योतिषी तथा खगोल पर्यटन परामर्शदाता, श्री विजयपुरम

श्री उदय भास्कर, श्री विजयपुरम के निवासी हैं और वर्तमान में आप खगोल संप्रेषक, ज्योतिषी और खगोल पर्यटन परामर्शदाता के रूप में कार्य कर रहे हैं। आपने द्वीपों में विगत दो दशकों से अधिक समय तक पर्यटन गतिविधियों को करते हुए इस द्वीपसमूह में गंतव्य पर्यटन क्षेत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आरम्भ से ही आपकी रूची खगोल विज्ञान में थी जिसके कारण आपने खगोल विज्ञान और तारा मण्डल की जानकारी हासिल की और इसे पर्यटन क्षेत्र से जोड़ा और आप द्वीपों में खगोल पर्यटन अग्रणीय परामर्शदाता बन गए है। आपने पहली बार इन द्वीपों में रात्री के समय आसमान में तारों को देखने की अवधारणा की भाुरूआत करते हुए इस गतिविधि को एक शैक्षिक पर्यटन गतिविधि के रूप में स्थापित किया।

आपने अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की खगोल पर्यटन नीति को तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भुमिका निभाई है। आपने डार्क-स्काई संरक्षण, संधारणीय अवसंरचना, नाइट-टाइम पर्यटन और अनुभवात्मक कार्यक्रम तैयार करने से संबंधित बहुमल्य जानकारी उपलब्ध कराने में सक्रिय योगदान दिया।

खगोल पर्यटन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान को अंगीकार करते हुए खगोल संप्रेषक, ज्योतिषी तथा खगोल पर्यटन परामर्शदाता श्री उदय भास्कर को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

# श्री टोटोको (उर्फ विक्की), ओंगी समुदाय के मुखिया, डुगोंग क्रीक, लिटिल अंडमान

श्री टोटोको (उर्फ विक्की) लिटिल अण्डमान के डुगोंग क्रीक के ओंगी जनजाति समुदाय के मुखिया हैं। आपके कुशल नेतृत्व में ओंगी जनजाति समुदाय के लोगों की शिक्षा, कल्याण एवं समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सका।

आपके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर प्रयास से इस द्वीपसमूह में पहली बार ओंगी जनजाति समुदाय के 13 विद्यार्थियों ने ब्दैम की परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो इस जनजाति समुदाय के शैक्षिक विकास के इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जिससे आगे इस समूदाय के भावी युवा पीढ़ी के लिए नए अवसरों के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आप ओंगी जनजाति समुदाय के एक सम्मानित एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व हैं और अपने समुदाय के अधिकारों को सुनिश्चित करने तथा उनके कल्याणकारी कार्यों को क्रियान्वित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

आपने ओंगी समुदाय के 07 स्वंय सहायता समूह का गठन और एक वन-धन विकास केन्द्र स्थापित कर ओंगी जनजाति समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थायी आजिविका के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

नेतृत्व क्षमता एवं ओंगी समुदाय के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान को अंगीकार करते हुए डुगोंग क्रीक, लिटिल अण्डमान के ओंगी जनजाति समुदाय के मुखिया, श्री टोटोको (उर्फ विक्की) को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

# बालिकाओं के ट्रैक साइक्लिंग दल

१. सुश्री ब्रिटनी, साइक्लिस्ट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लपाती
२. सुश्री आई. एस. ब्रिडनी, साइक्लिस्ट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लपाती
३. सुश्री नमिता वॉयलेट, साइक्लिस्ट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लपाती
४. सुश्री एन्नी मिंज, साइक्लिस्ट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लपाती
५. सुश्री रोसी वॉयलेट, साइक्लिस्ट, पी.एम.श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय, मूस

द्वीपों की बालिकाओं के इस ट्रैक साइक्लिंग दल ने राँची के सिदो कान्हू वेलोड्रॉम में 13 जनवरी से 17 जनवरी, 2026 तक आयोजित ६९वीं एस.जी.एफ. राष्ट्रीय स्कूल ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में कुल चार पदक जीत कर इन द्वीपों का गौरव बढ़ाया है।

इस चैम्पियनशिप के U-19 बालिकाओं की व्यक्तिगत टाइम ट्रायल प्रतिस्पर्धा में साइक्लिस्ट सुश्री नमिता वॉयलेट ने स्वर्ण पदक और साइक्लिस्ट सुश्री ब्रिटनी ने रजत पदक जीत कर और साइक्लिस्ट सुश्री आई.एस. ब्रिडनी ने इस चैम्पियनशिप के U-17 बालिकाओं की व्यक्तिगत टाइम ट्रायल प्रतिस्पर्धा में काँस्य पदक हासिल कर द्वीपों का नाम रोशन किया।

इसी चैम्पियनशिप के बालिकाओं की U-17 टीम स्प्रिन्ट प्रतिस्पर्धा में साइक्लिस्ट सुश्री आई.एस. ब्रिडनी, सुश्री नमिता वॉयलेट, सुश्री एन्नी मिंज और सुश्री रोसी वॉयलेट ने रजत पदक जीत कर द्वीपों गौरव बढ़ाया है।

उत्कृष्ट खेल प्रतिभा को अंगीकार करते हुए द्वीपों की बालिकाओं के ट्रैक साइक्लिंग दल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

# बालकों के ट्रैक साइक्लिंग दल

१. श्री लियोनाल्ड बेकर, साइक्लिस्ट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लपाती
२. श्री सॉ ज़कारिया, साइक्लिस्ट, पी.एम.श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय, मूस
३. श्री मेस्सी कार्टसन, साइक्लिस्ट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लपाती
४. श्री किंगडम ब्राइट, साइक्लिस्ट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सवाइ

द्वीपों की बालकों के इस ट्रैक साइक्लिंग दल ने राँची के सिदो कान्हू वेलोड्रॉम में 13 जनवरी से 17 जनवरी, 2026 तक आयोजित 69वीं एस.जी.एफ. राष्ट्रीय स्कूल ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में कुल दो पदक जीत कर इन द्वीपों का गौरव बढ़ाया है।

साइक्लिस्ट श्री लियोनाल्ड बेकर ने इस चैम्पियनशिप के U-17 बालकों की व्यक्तिगत टाइम ट्रायल प्रतिस्पर्धा में काँस्य पदक हासिल की। इसके अलावा साइक्लिस्ट श्री सॉ ज़कारिया, श्री मेस्सी कार्टसन और श्री किंगडम ब्राइट ने बालकों की U-17 टीम स्प्रिन्ट प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीत कर द्वीपों का नाम रोशन किया है।

उत्कृष्ट खेल प्रतिभा को अंगीकार करते हुए द्वीपों के बालकों के ट्रैक साइक्लिंग दल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

## सुश्री तान्याशा, वेटलिफ्टर
## विकास नगर, ननकौड़ी द्वीप, निकोबार जिला

सुश्री तान्याशा निकोबार जिला के ननकौड़ी द्वीप के विकास नगर की एक प्रतिभावान खिलाड़ी है। आप वेटलिफ्टिंग एथलेटिक्स में निपुण है और आप इस द्वीपसमूह की पहली महिला है जिन्होंने वेटलिफ्टिंग प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर द्वीपों का गौरव बढ़ाया है। आपने यह स्वर्ण पदक 2025 में केरल के त्रिशूर में आयोजित ASMITA खेलो इण्डिया महिला लीग चैम्पियनशिप के 63 किलो ग्राम बॉडीवेट वर्ग में हासिल किया।

आपकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल इस द्वीपसमूह का गौरव बढ़ा है बल्कि इससे दूर-दराज के द्वीपों में रहने वाली महिला एथलिटों को भी प्रेरणा मिली है। आपकी यह उपलब्धि उन सभी युवा बालिकाओं के लिए एक मिसाल बन गया है जो खेल के क्षेत्र में सफलता पाने के सपने देख रहीं हैं।

उत्कृष्ट खेल प्रतिभा एवं समर्पण की भावना को अंगीकार करते हुए ननकौड़ी द्वीप के विकास नगर की वेटलिफ्टर सुश्री तान्याशा को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

# श्री माईकल, मछुआरा एवं समाज सेवक
# राइयोन, चौरा द्वीप

श्री माईकल चौरा द्वीप के राइयोन गाँव के एक अग्रणी मछुआरे एवं समाज सेवक हैं। आपको समुद्र में बेहद गंभीर परिस्थितियों में कार्य करने का विशिष्ट अनुभव प्राप्त है।

नवम्बर से मार्च माह के दौरान जब चौरा द्वीप के सुमुद्र में तेज लहरें उठती है और ऐसी परिस्थिति में जलयानों से माल एवं यात्रियों को उतारते और चढ़ाते समय गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है।

आप हमेशा ही अपने अद्भुत साहस और कार्यकुशलता का परिचय देते हुए समुद्र की तेज धाराओं और बेहद ऊँची लहरों के बीच भी अपनी जान की परवाह किए बिना यात्रियों और माल को जहाज पर चढ़ाने और उतारने में तत्पर रहते हैं। आपके कुशल नेतृत्व और निःस्वार्थ सेवा भावना के कारण लोग आपके प्रति अपार सम्मान और अटूट विश्वास रखते हैं।

इसके अलावा, आपको जलयानों के इंजिन की मरम्मत का कार्य करने की भी अच्छी तकनीकी ज्ञान है। आपके इस तकनीकी कौशल से न केवल स्थानीय मछुआरों को बल्कि चौरा द्वीप के बाहर से आने वाले मछुआरों को भी बहुमूल्य सेवाएँ प्राप्त हुई हैं।

अद्भुत साहस, तकनीकी कुशलता, समर्पण एवं निःस्वार्थ सेवा की भावना को अंगीकार करते हुए चौरा द्वीप के राइयोन गाँव के मछुआरा एवं समाज सेवक, श्री माईकल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

# श्री एस. मथिक कुमार, कनिष्ठ अभियंता (सिविल)
# श्री विजयपुरम दक्षिण मण्डल,
# अण्डमान लोक निर्माण विभाग

श्री मथिक कुमार वर्तमान में अण्डमान लोक निर्माण विभाग के श्री विजयपुरम दक्षिण मण्डल में कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) के पद पर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

आपने कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के निष्पादन में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को उल्लेखनीय योगदान दिया। आपने लोक निवास में महत्वपूर्ण निर्माण, नवीनीकरण एवं अनुरक्षण कार्यों को समय पर सफलतापूर्वक पूरा किया। आपने अति-अति विशिष्ट एवं अति विशिष्ट व्यक्तियों के दौरा कार्यक्रमों के दौरान उत्कृष्ट समन्वयन करते हुए अपनी विशिष्ट कार्य शैली एवं कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

उनकी असाधारण व्यावसायिक कार्यकुशलता, उत्कृष्ट कार्यशैली एवं कर्तव्यनिष्ठा को अंगीकार करते हुए श्री विजयपुरम दक्षिण मण्डल, अण्डमान लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता(सिविल) श्री एस. मथिक कुमार को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

******

## श्री अब्दुल शाहिद, हाऊसहोल्ड कम्प्ट्रोलर
## लोक निवास, श्री विजयपुरम

श्री अब्दुल शाहिद श्री विजयपुरम के लोक निवास में हाऊसहोल्ड कम्प्ट्रोलर पद पर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। आपने कर्मठता एवं उत्कृष्ट कार्यकुशलता का परिचय देते हुए लोक निवास के संसाधनों, सरकारी आवास को प्रभावी ढंग से सुव्यवस्थित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

आपने लोक निवास में अति–विशिष्ट एवं विशिष्ट अतिथियों के सत्कार में उत्कृष्ट शिष्टाचार, अनुशासन एवं उत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार का परिचय देते हुए लोक निवास की संस्थागत गरिमा को बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इसके अलावा, आपने अपनी कुशल प्रबंधन क्षमता, सक्रियता एवं प्रतिबद्धता से लोक निवास के हाऊसहोल्ड कार्यों को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उत्कृष्ट व्यावसायिक कार्यकुशलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं कुशल प्रबंधन क्षमता को अंगीकार करते हुए लोक निवास, श्री विजयपुरम के हाऊसहोल्ड कम्प्ट्रोलर श्री अब्दुल शाहिद को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********